तीन दुकानों से 200 नकली पाइप व 50 बल्ब जब्त

मोहनिया शहर. स्थानीय शहर स्थित तीन दुकानों पर मोहनीय पुलिस व एक पाइप कंपनी के अधिकारी द्वारा संयुक्त कार्रवाई में काफी संख्या में नकली पाइप व 50 बल्ब जब्त किया गया है. छापेमारी में जिन दुकानों से नकली पाइप बरामद किया गया है, उसमें राधिका स्टील, महादेव स्टील एंड हार्डवेयर व शिवम मशीनरी स्टोर शामिल हैं. इन सभी दुकानों के दुकानदार के खिलाफ पाइप कंपनी के अधिकारी द्वारा मोहनिया थाने में लिखित आवेदन दिया गया है. जानकारी के अनुसार, एक कंपनी के पाइप के नाम पर नकली पाइप व बल्ब की बिक्री शहर की कई दुकानों पर की जा रही थी, जिसकी सूचना पर पहले सर्वे करने के लिए कंपनी के अधिकारी मोहनिया आये. यहां दुकान पर घूम-घूम कर इसका सर्वे किया, जिसमें पाया गया कि कई दुकानों पर कंपनी का लोगो लगा नकली पाइप व अन्य सामान की बिक्री की जा रही है, जिसके आलोक में गुरुवार को मुंबई व कोलकाता से पौषिक विश्वास व सौरभ नास्का सहित चार सदस्यीय टीम मोहनिया पहुंची. इसके बाद सबसे पहले एसपी से अधिकारी द्वारा नकली पाइप बिक्री होने की सूचना देते हुए पुलिस के सहयोग की मांग की गयी, जिसके आलोक में मोहनिया थाने की पुलिस व पाइप कंपनी के अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से मोहनिया के उक्त तीनों दुकानों में छापेमारी की गयी. यहां से कुल 200 पीस कंपनी के नाम पर पाइप व बल्ब बरामद किया गया, जिसे जब्त कर थाना लाया गया. # पाइप कम्पनी के अधिकारी द्वारा पहले किया गया था सर्वे# मुंबई व कोलकाता से पहुंचे एक पाइप कंपनी के अधिकारी ने बताया गुप्त सूचना मिला थी कि मोहनिया के कई हार्डवेयर दुकान में मेरी कंपनी के नाम का पाइप नकली बिक रहा है. इसकी सूचना पर सर्वे करने के लिए कर्मी को भेजा गया था, जिनके द्वारा दुकान पर जब ग्राहक बन पाइप लिया गया, तो कंपनी के नाम लिखा नकली पाइप दिखाया गया था. इसके आलोक में सर्वे कर कंपनी के वरीय अधिकारी को सूचित किया गया था. वरीय अधिकारी के निर्देश पर पुलिस के सहयोग से मोहनिया के तीन दुकानों में छापेमारी कर 200 नकली पाइप व 50 बल्ब को जब्त किया गया है. # क्या कहते हैं थानाध्यक्ष इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रियेश प्रियदर्शी ने बताया एक पाइप कंपनी के अधिकारी की शिकायत पर मोहनिया के तीन हार्डवेयर दुकान में छापेमारी कर 200 पीस नकली पाइप व 50 बल्ब बरामद किया गया है. कंपनी के अधिकारी द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में कार्रवाई की जा रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/kaimur/200-fake-pipes-and-50-bulbs-seized-from-three-shops